मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

हे मॉडर्न महारानी!

नमस्कार है हे मॉडर्न महारानी! आप इस डिजिटल संसार के उस डेटा पैक की तरह हैं जिसके खत्म होते ही पुरुष का सारा सिस्टम हैंग हो जाता है। लोग कहते हैं कि विवाह एक बंधन है, पर हम तो कहते हैं कि यह वह परमानेंट जेल है जिसमें कैदी खुद ही मिठाई के डिब्बे लेकर दाखिला लेने पहुंचता है। पुराने जमाने में पाणिनि ने आपके यज्ञ-संयोग की महिमा गाई थी, पर आज का शास्त्र तो कहता है कि बिना वाइफ के वाई-फाई का पासवर्ड तक नसीब नहीं होता। यज्ञ-दान तो छोड़िए, बिना आपकी अनुमति के तो पुरुष अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर फीलिंग हैप्पी तक लिखने का साहस नहीं जुटा पाता।

शास्त्रीय विधान था कि बिना गृहस्थ हुए मोक्ष नहीं मिलता। आज का विधान यह है कि बिना गृहस्थ हुए आदमी को बैंक से होम लोन नहीं मिलता। जो लोग देश सुधारने का बीड़ा उठाए टीवी डिबेट्स में दहाड़ते हैं, वे भी घर की दहलीज पार करते ही ऐसे म्यूट हो जाते हैं जैसे किसी ने रिमोट का बटन दबा दिया हो। उनकी वीरता का सारा तेल आपकी एक तिरछी चितवन में निकल जाता है। धन्य है वह पत्नी-भक्ति, जो एक शेर को भी सर्कस का शेर बना देती है जो केवल रिंग मास्टर की सीटी (यानी बेलन की खनक) पर ही करतब दिखाता है।

हे आदि रस की स्वामिनी! आज के शुरवीर साहबान, जो ऑफिस में फाइलों के ढेर पर बैठकर मुल्क का इंतजाम करने की चतुराई दिखाते हैं, वे आपके सामने आते ही ऐसे सरेंडर होते हैं जैसे कोई आउटडेटेड सॉफ्टवेयर। जो साहब बड़े-बड़े घोटालों को पी जाते हैं, वे एक साधारण-सी सेल या शॉपिंग की लिस्ट देखकर कर्ज में ऐसे डूबते हैं जैसे टाइटैनिक। औसत दर्जे की तनख्वाह पाने वाला बाबू महीने की दस तारीख तक आपके चरणों में अपनी सारी अर्थव्यवस्था समर्पित कर खुद फकीर बना घूमता है, पर मजाल है कि आपके चेहरे की चमक में एक प्रतिशत की भी गिरावट आए!

जिस घर में आप मुस्कुराती हैं, वहां क्रेडिट कार्ड की लिमिट भले ही खत्म हो जाए, पर खुशियां कैशबैक की तरह बरसती रहती हैं। और जहां आपने अपना रौद्र रूप धारण किया, वहां साक्षात यमराज भी बिना अपॉइंटमेंट के आने से डरते हैं। पुराने कवियों ने आपको दासी, मित्र और गुरु कहा था; आज के कवि आपको होम मिनिस्ट्री, सुप्रीम कोर्ट और फाइनेंस डिपार्टमेंट का कॉम्बो पैक मानते हैं। गजगामिनी और कोकिल-वचनी होना तो पुरानी बातें हैं, आज की पत्नी तो वह स्मार्टफोन है जिसका फ्रंट कैमरा पति की हर हरकत पर फेस अनलॉक लगाए बैठा है।

भर्तृहरि ने कहा था कि या तो सुंदर नारी मिले या गुफा। आज के युग में तो सुंदर नारी ही वह गुफा है जिसमें घुसने के बाद बाहर निकलने का रास्ता गूगल मैप भी नहीं बता पाता। जो वनिता-भक्त हर समय महारानी के मुख की छवि निरखता हुआ ऑफिस से छुट्टी मारता है, वह भले ही दरिद्र हो जाए, पर मानसिक शांति का वह उच्च स्तर प्राप्त कर लेता है जिसे पाने के लिए ऋषि-मुनि हिमालय पर भी ठंड में ठिठुरते रह गए। अंत में यही फल-स्तुति है कि जो सब काम छोड़कर पत्नी की रील लाइक करता है, वही इस कलयुग का असली परमवीर है। बाकी सब तो केवल यूजर हैं, एडमिन तो आप ही हैं!

अप्रैल माह से परिवहन की बसों में होगा किफायती सुविधा युक्त सफर

जावरा बद्रीलाल चौहान जावरा निवासी एवं सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि मध्यप्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वारा राज्य भर में॰ मुख्य मंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना॰ के अंतर्गत राज्य परिवहन बसों का पुनः संचालन एवं चलाने का फैसला निश्चित ही तारीफे काबिल और सराहनीय कदम है ! आपने बताया कि योजना का उद्देश्य यात्रियों को शांत सुलभ, सुरक्षित और सस्ती सेवायें देना है ! योजना के अनुसार बस सेवायें सरकार के नियन्त्रण में रहेगी और अप्रैल माह 2026 से इसकी शुरुआत होगी ! माननीय मुख्यमंत्री जी के इस फैसले से एवं योजना के लागू करने से निश्चित ही पुनः राज्य परिवहन की बसे धीरे धीरे अपने अस्तित्व में भी आ जाएगी, यात्रियों को अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचाने में भरपूर सेवायें भी देगी ! एवं इस योजना के लागू होने से राज्य परिवहन की बसों के चालन से हजारों लाखों बेरोज़गारों को नियमित रूप से रोजगार भी प्राप्त होगा और उनके जीवन स्तर में भी वृद्धि होगी ! डॉ. गांगले ने यह भी कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस योजना की घोषणा और जल्द से जल्द क्रियान्वयन होने से उनकी सर्वत्र प्रसंशा की जा रही है ! क्योंकि इस योजना के लागू होने से प्रायवेट बसों मालिकों की मोनोपोली पूर्णतः (एकाधिकार) समाप्त हो जाएगी ! ज्ञातव्य है कि वर्ष 2010 तक राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों का संचालन बंद हो चुका था अब फिर से फर्राटे भरेगी परिवहन निगम की बसे ! प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री जी को बहुत बहुत धन्यवाद !

टुमनी, चौकीजुनार्दा, कंचनखेड़ी सहित मार्ग पर 8 स्थानों पर बनेंगे इंटरचेंज

ग्रीनफील्ड हाईवे की ऊंचाई कम नही, परीक्षण जारी

नागदा जं. निप्र। उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे की सडक ऊंचाई कम करने अथवा इसे सामान्य फोरलेन हाईवे में परिवर्तित करने के संबंध में विधानसभा प्रश्न के उत्तर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि वर्तमान में हाईवे की ऊंचाई कम नहीं की गई है और न ही इसे सामान्य फोरलेन में परिवर्तित किया गया है। किसानों द्वारा दिए गए अभ्यावेदन के आधार पर विषय परीक्षणाधीन है।

टुमनी, बुरानाबाद, चौकी जुर्नादा, कंचनखेडी से चढेंगे वाहन

यह मुद्दा कांग्रेस विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से उठाया गया है। विधायक दोगने ने ग्रीनफील्ड हाईवे की संरचना, इंटरचेंज, किसानों की सुविधा तथा भूमि अधिग्रहण सहित विभिन्न बिंदुओं पर शासन से विस्तृत जानकारी मांगी है।

मंत्री सिंह ने उत्तर में बताया कि नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में इंटरचेंज निर्माण की योजना बनाई गई है। इसके तहत नागदा क्षेत्र में टुमनी तथा खाचरौद क्षेत्र में बुरानाबाद-चौकी जुनार्दा तथा कंचनखेड़ी में इंटरचेंज बनाए जाएंगे। इसके अलावा इस मार्ग पर उन्होल सहित कुल 8 स्थानों पर इंटरचेंज प्रस्तावित हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों, किसानों एवं वाहन चालकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

सीढ़ी या रैम्प का पृथक प्रावधान नहीं

विधायक दोगने द्वारा किसानों और आम नागरिकों के खेतों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुल, पुलिया, फ्लाईओवर एवं अंडरपास पर सीढ़ी या रैम्प की व्यवस्था के संबंध में भी प्रश्न पूछा गया था। इस पर मंत्री ने बताया कि सीढ़ी या रैम्प का पृथक प्रावधान नहीं किया गया है, लेकिन पैदल आवागमन की सुविधा भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी-एसपी-89-2019) के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जा रही है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिल सके।

लोक निर्माण मंत्री ने यह भी बताया कि उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य पूर्ण कर परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके बाद निविदा आमंत्रण और अनुबंध निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलित है। साथ ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के अंतर्गत नियमानुसार की जा रही है, जिससे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं पुनर्वास का लाभ दिया जा सके।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इस एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे पर प्रतिबंधित वाहनों की श्रेणी के संबंध में शासन द्वारा अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

आरोग्य भारती झाबुआ शाखा द्वारा प्रान्त अभ्यास वर्ग हेतु योजनात्मक बैठक का हुआ आयोजन

झाबुआ। आरोग्य भारती झाबुआ शाखा द्वारा 26 फरवरी, गुरूवार को स्थानीय अंबा पैलेस में आगामी 29 मार्च को होने वाले आरोग्य भारती मालवा प्रांत के प्रान्त अभ्यास वर्ग की योजनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में मंच पर आरोग्य भारती झाबुआ शाखा के सचिव डॉ. राकेश नायक, आरोग्य भारती झाबुआ शाखा महिला प्रमुख डॉ. चारुलता दवे एवं निजी चिकित्सा संगठन के मुख्य डॉ. लोकेश दवे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भगवान धन्वंतरि स्तवन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बाद डॉ. वैभव सुराना ने आरोग्य भारती के परिचय एवं प्रांत अभ्यास वर्ग पर प्रकाश डाला। डॉ. लोकेश दवे ने अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम को गरिमामय एवं सफल बनाने के लिए एवं सभी को सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों को यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, मंच व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पंजीयन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था का विभाजन किया गया।

शांति पाठ के साथ हुआ समापन -इस योजनात्मक बैठक में झाबुआ, पेटलावद, रायपुरिया, बामनिया, थांदला, मेघनगर, रानापुर, पिटोल एवं रम्भापुर के 40 सदस्यों की उपस्थिति रहीं। अंत में शांति पाठ के साथ आभार आरोग्य भारती झाबुआ शाखा के सचिव डॉ. राकेश नायक ने माना एवं कार्यक्रम का समापन हुआ।

होली, रंगपंचमी, रमजान व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

थाना नागदा में दोपहर 3 बजे होगी महत्वपूर्ण मीटिंग, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण

नागदा जं. निप्र। आगामी त्यौहारों होली, रंगपंचमी, रमजान एवं ईद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना नागदा द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 28 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे थाना परिसर नागदा में आयोजित होगी।

थाना नागदा की ओर से जारी विशेष सूचना में समस्त गणमान्य नागरिकों, आयोजनकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक का उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था एवं सामाजिक समन्वय से जुड़े विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश तय करना है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कारणवश दूरभाष के माध्यम से व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जा सके तो इस सार्वजनिक सूचना को ही आधिकारिक आमंत्रण समझा जाए। सभी आमंत्रितजनों से समय की विशेष पाबंदी रखने का अनुरोध किया गया है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के अवसर पर आपसी भाईचारे, सद्भाव और शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी पर्व हर्षोल्लास और सुरक्षा के साथ सम्पन्न हो सकें।

नागदा-उज्जैन मार्ग पर समिति की भूमिका स्पष्ट

सड़क सुरक्षा व तकनीकी मानकों के पूर्ण पालन की मांग-नागरिक अधिकार मंच

नागदा जं. निप्र। नागदा-उज्जैन मार्ग को फोरलेन किए जाने संबंधी हालिया समाचारों के बीच नागरिक अधिकार मंच ने अपनी आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि गठित समिति का कार्य फोरलेन निर्माण की सिफारिश करना नहीं है। समिति केवल मार्ग की वर्तमान स्थिति, तकनीकी मानकों, सुरक्षा प्रावधानों तथा अधोसंरचना की वस्तुनिष्ठ जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बनाई गई है।

मंच की ओर से जारी बयान में कहा गया कि समिति को निर्णयकारी अथवा सिफारिशी संस्था के रूप में प्रस्तुत करना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है। फोरलेन निर्माण या मार्ग चौड़ीकरण का अंतिम निर्णय शासन, सड़क परिवहन मंत्रालय अथवा संबंधित प्राधिकरण स्तर पर प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत लिया जाता है। अतः समाचारों में समिति की भूमिका को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

नागरिक अधिकार मंच ने यह भी रेखांकित किया कि किसी भी सड़क परियोजना का मूल उद्देश्य आम नागरिकों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और दीर्घकालिक टिकाऊ अधोसंरचना होना चाहिए। मंच का मानना है कि तकनीकी मानकों की अनदेखी या प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी कर सकती हैं।

मंच की प्रमुख मांगे

सड़क सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों का पूर्ण और कठोर पालन सुनिश्चित किया जाए, जनता के हित, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, किसी भी निर्माण, चौड़ीकरण या फोरलेन संबंधी निर्णय स्पष्ट प्रशासनिक आदेश और विधिवत स्वीकृति के आधार पर ही लिया जाए। मंच ने प्रशासन से आग्रह किया है कि परियोजना से संबंधित सभी तथ्य सार्वजनिक किए जाएं, ताकि नागरिकों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे और निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

नागरिक अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष अभय चोपड़ा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित, मानक अनुरूप और जनहितकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्ति पर कोई भी निर्णय ठोस तकनीकी परीक्षण और विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत ही होना चाहिए।

सरकार ने फोरलेन निर्माण से फिलहाल किया स्पष्ट इनकार

सिंहस्थ के बावजूद उज्जैन-नागदा-जावरा मार्ग का फोरलेन/चौड़ीकरण नहीं

नागदा जं. निप्र। उज्जैन सिंहस्थ व लगातार हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उज्जैन-जावरा या नागदा-उन्हेल-भेरूगढ पहुँच मार्गो के चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण को लेकर विधानसभा में कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस व डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा उठाए गए दो महत्वपूर्ण प्रश्नों पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उत्तर में कहा कि उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कन्ट्रोल्ड नवीन मार्ग निर्माण के उपरांत वर्तमान मार्ग का यातायात नवीन मार्ग पर विस्थापित होने से इस रोड पर यातायात का दबाव कम होगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा वर्तमान में उज्जैन-जावरा टु-लेन मार्ग के चौडीकरण/फोरलेन निर्माण का पृथक प्रस्ताव शासन के समक्ष विचाराधीन नही है।

दुर्घटनाओं और यातायात दबाव का मुद्दा- विधायकद्वय ने वर्ष 2015 से जुलाई 2025 तक उज्जैन-नागदा-जावरा मार्ग के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों बडावदा, जावरा औद्योगिक क्षेत्र, भैरवगढ़, उन्हेल, नागदा, बिरलाग्राम आदि में हुई 2063 सड़क दुर्घटनाओं में 572 मृतक और 2516 घायलों का हवाला देते हुए मार्ग की क्षमता वृद्धि की आवश्यकता बताई। साथ ही यह भी कहा गया कि नागदा जिला का बड़ा औद्योगिक केंद्र है और मुंबई-दिल्ली कॉरिडोर के मध्य प्रमुख जंक्शन है इस मार्ग पर बढ़ते यातायात, औद्योगिक दबाव और सड़क दुर्घटनाओं व आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए चौड़ीकरण/फोरलेन किया जाना आवश्यक है।

सरकार की कार्यवाही नया ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल मार्ग- लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि वर्तमान उज्जैन-भैरवगढ़-उन्हेल-नागदा-जावरा टू-लेन मार्ग के समानांतर उज्जैन-जावरा फोर-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल मार्ग के निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित कर अनुबंध निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलित है। यह नया मार्ग बनने के बाद वर्तमान मार्ग का यातायात बड़े पैमाने पर नए मार्ग पर स्थानांतरित हो जाएगा, जिससे दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस स्थिति में मौजूदा उज्जैन-जावरा टू-लेन मार्ग के चौड़ीकरण या फोरलेन में परिवर्तन की कोई अलग योजना वर्तमान में प्रचलित नहीं है।

अन्य पहुंच मार्गो पर स्थिति- प्रश्न में यह भी पूछा गया था कि क्या उज्जैन सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए अन्य शहरों से उज्जैन आने वाले सभी पहुंच मार्गो को फोरलेन बनाया जा रहा है। इस मार्ग की उपेक्षा की जा रही है सिंहस्थ में जितनी रोड होगी वो कम होगी इस पर मंत्री ने कहा कि उज्जैन-जावरा के समानांतर नया फोरलेन ग्रीनफील्ड मार्ग ही प्राथमिक परियोजना है, और वर्तमान टू-लेन मार्ग के चौड़ीकरण/फोरलेन का प्रस्ताव नहीं है।

शोल्डर निर्माण और निरीक्षण- बीओटी मार्ग पर निर्धारित मानकों से कम चौड़ाई के साइड शोल्डर व पक्के साईड शोल्डर निर्माण नही करने के आरोपों पर मंत्री ने कहा कि शोल्डर का निर्माण अनुबंध में निहित प्रावधानों के अनुसार किया गया है। वर्ष 2020 से 2026 तक किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन विभागीय अभिलेखागार में परिशिष्ट 1 से 6 के रूप में सुरक्षित हैं। उल्लेखनिय है कि नागदा-उन्हेल-भेरूगढ मार्ग नही बनने से सर्वाधिक आर्थिक नुकसान उन्हेल क्षेत्र को होगा क्योंकि उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे से भारी यातायात सीधे उज्जैन चला जाएगा और वही उन्हेल-इंगोरिया चौपाटी टु-लेन रोड चौडीकरण होने से नागदा-जावरा क्षेत्र का पुरा यातायात इस मार्ग पर चला जाएगा।

स्थानीय व्यापारिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि इस स्थिति से बचने के लिए आवश्यक है कि नागदा-उन्हेल-भेरूगढ़ मार्ग का भी चौड़ीकरण/फोरलेन किया जाए जिससे उन्हेल नगर का व्यापारिक महत्व बना रहे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान न हो।

सर्वसमाज एवं व्यापारिक संगठनो ने 2 मार्च को होली जलाने एवं 3 मार्च को धुलेंडी मनाने का लिया निर्णय

नागदा जं. निप्र। आगामी होली पर्व को मनाने को लेकर बन रही भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिये सर्वसमाज एवं व्यापारिक संगठनो ने एकमत होकर निर्णय लिया गया है कि होलीका दहन 2 मार्च सोमवार को होगा तथा 3 मार्च मंगलवार को धुलेंडी पर्व मनाया जावेगा। अगले दिन 4 मार्च बुधवार से समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से खुले रहेंगे। सभी नगर वासियो को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित होली खेलने का आव्हान सर्वसमाज एवं व्यापारिक संगठनो ने किया है।

बैठक में इन संगठनों के पदाधिकारी हुए शामिल- सर्वसमाज से श्री बद्रीविशाल मंदिर जांगडा पंच पोरवाल ट्रस्ट नागदा, श्री माहेश्वरी समाज नागदा, श्री अरोडा खत्री समाज नागदा, श्री जैन समाज नागदा, श्री सेन समाज नागदा एवं व्यापारिक संगठन किराना व्यापारी संघ नागदा, श्री सर्राफा एसोसिएशन नागदा, श्री बर्तन व्यापारी संघ नागदा, श्री दुग्ध एसोसिएशन नागदा, श्री जनरल स्टोर्स एसोसिएशन नागदा, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, वाल्मिकि समाज नागदा, केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन नागदा, मिठाई नमकीन एसोसिएशन, फुल माली समाज, डिस्पोजल एसोसिएशन, इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन, गुर्जर समाज, मेवाडा माली समाज, आंजना समाज, कीर समाज नागदा, नागदा व्यापारी संघ, राठौड क्षत्रिय समाज, नागदा होलसेल व्यापारी संघ, मोबाईल एसोसिएशन सब्जी विक्रेता संघ एवं टेन्ट एसोसिएशन सहित अन्य संगठनो ने सहमति जताई है।

SMFG India Credit
Pragati Ki Nayi Pahchaan

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय: दसवीं मंजिल, कार्यालय क्रमांक 1011, 1021 एवं 1031 2 वर्ष एलेन्ज़ा, सेक्टर बीसिटी, बांद्रा कुर्ला कम्प्लेक्स, बांद्रा, (ईस्ट) 400051

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित परन्तुक नियम 8 व 9 प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अनर्गत 15 दिवस की ई-निविदा विक्रय सूचना

सर्वसाधारण जनता को सामान्य रूप से तथा ऋणीगण एवं जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूत लेनदार के समक्ष बंधक/प्रभार में हैं इन सम्पत्तियों का एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड के प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा **भौतिक आधिपत्य** प्राप्त किया जा चुका है, इन सम्पत्तियों को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित ऋणीगणों एवं जमानतदारों की तारक **दिनांक 03.12.2024 तक बकाया निकल रही राशि रु. 1,13,14,186/- (रुपए एक करोड़ तेरह लाख चौदह हजार एक सौ छियासी सिर्फ)** एवं वसूली दिनांक तक राशि पर आगे की अवधि का ब्याज एवं अन्य खर्चों को सम्मिलित कर द्वारा **ऋणीगण एवं जमानतदारों 1) अग्रवाल गुप, 2) विजय गुप्ता, एवं 3) सुकेश गुप्ता** के **ऋण खाता क्रमांक 25830131140513 1** पर कुल बकाया राशि की वसूली हेतु **''जो है जहां है'' ''जो भी जैसी है''एवं ''जो भी कुछ है''** आधार पर **दिनांक 17.03.2026** को प्रातः 11.00 से शेष. 01.00 बजे (प्रत्येक बोली पर 5 मिनट का असीमित विस्तार) को विक्रय किया जायेगा। आरक्षित मूल्य, अमानत जमा राशि (ईएमडी) एवं अमानत जमा राशि जमा करने की अंतिम तिथि भी निम्नानुसार वर्णित है।

संबंधित सम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य एवं अमानत जमा राशि नीचे दिए गए वर्णन अनुसार रहेगी। अमानत जमा राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 16.03.2026** है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
सम्पत्ति 1: भवन/भूखंड जो कि सर्वे नंबर 381/985/मिन-2, 381/986 पैकी, 381/987 पैकी, 381/988 पैकी, 381/989 पैकी पटवारी हल्का क्रमांक 39; वार्ड नं. 02; सरल क्रमांक 229; देवास सीनिया, कुल क्षेत्रफल 4900 वर्गफिट, चहुंसीमा इस प्रकार है :- पूर्व : अनाज मंडी की दीवार; पश्चिम : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग; उत्तर : शिक्षा की भूमि, दक्षिण : सड़क	रुपए 1,13,97,000/-	रुपए 11,39,700/-
सम्पत्ति 2 : भवन/भूखंड जो कि सर्वे नंबर 381/985/मिन-4, 381/987 पैकी, 381/988 पैकी, 381/989 पैकी, 381/989 पैकी पटवारी हल्का क्रमांक 39; वार्ड नं. 02; सरल क्रमांक 223 देवास सीनिया, तहसील एवं जिला देवास, कुल क्षेत्रफल 2504 वर्गफिट, चहुंसीमा इस प्रकार है :-पूर्व : कृषि उपज मंडी; पश्चिम : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग; उत्तर : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग; दक्षिण : सड़क	रुपए 56,14,000/-	रुपए 5,61,400/-

विक्रय की विस्तृत शर्तें एवं नियमों की जानकारी हेतु, कृपया संपर्क करें- श्री प्रवीस रोजारियो 8655424523, श्री प्रतीक सरफाल 9920157687, श्री प्रतीक दुबे 9826636599 इच्छुक क्रयकर्ता/निविदाकर्ता अमानत जमा राशि (ईएमडी) जमा करने एवं विक्रय की शर्तें एवं नियमों की जानकारी के लिए वे प्रतिभूत लेनदार एसएमएफजी की वेबसाइट www.smfgindiacredit.com पर प्रदत्त लिंक का संदर्भ लेवें।

दिनांक : 28 फरवरी, 2026
स्थान: देवास (म.प्र.)

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड

बड़वानी में सीवेज काम से सड़कें खराब, वाहनों के निकलने का रास्ता बंद

भोपाल(ई)। विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में बडवानी में सीवेज लाइन डलने के लिए की जा रही खुदाई का मुद्दा विधायक राजन मंडलोई ने उठाया उन्होंने सदन में कहा कि शहर में सीवेज लाइन डालने के कारण सड़कों को खराब कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सीसी रोड की मशीन से कटिंग करने के बजाय जेसीबी से खुदाई की गई, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। विधायक ने कहा कि खुदाई के बाद सड़कों का रेस्टोरेशन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग की, ताकि इंदौर के भागीरथपुरा जैसी घटना बड़वानी में न हो।राजन मंडलोई ने बताया कि कई स्थानों पर सीवेज लाइन और पानी की पाइपलाइन एक-दूसरे को क्रॉस कर रही हैं। इससे भविष्य में दुर्घटना और पानी प्रदूषण का खतरा बना हुआ है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कई जगह कंक्रीट सड़क होने के कारण कटिंग में दिक्कत आती है, इसलिए खुदाई करनी पड़ी। उन्होंने आश्वासन दिया कि खराब सड़कों का रेस्टोरेशन कराया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सीवेज परियोजना में 6000 चैंबर बनाए जाने हैं, जिनमें से 4000 बन चुके हैं। इनमें से केवल 20 मैनहोल ऐसे पाए गए हैं, जहां पानी और सीवेज लाइन क्रॉस हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां सड़कें संकरी हैं, वहां ट्रैफिक की समस्या हो रही है। इस संबंध में कलेक्टर और एसपी से चर्चा कर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि काम के दौरान यातायात प्रभावित न हो।